बिहार स्टेट पावर ट्रॉन्समिशन कम्पनी लि0

निबंधित कार्यालय, विधुत भवन, बेली रोड, पटना

पत्रांक-______________________________पटना, दिनांक __________________________/

T/V/Rect-1204/16(Part File).

प्रेषक,

स्पीड पोस्ट/ निबंधित डाक

श्री रोहित कुमार
पिता- स्व0 विश्वनाथ राय
स्थाई पताः- ग्राम - नासरीगंज (कुशवाहा पंचायत के पीछे), पो0- दीघा थाना- दानापुर, जिला- पटना (बिहार)
स्थाई पताः- ग्राम - नासरीगंज (कुशवाहा पंचायत के पीछे), पो0- दीघा थाना- दानापुर, जिला- पटना (बिहार)

विषयः- **अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति का प्रस्ताव पत्र।**

बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0, पटना के कार्यालय आदेश सं0-786 दिनांक-08.08.2014, कार्यालय आदेश सं0- 1196 दिनांक 08.12.2014, कार्यालय आदेश सं0-118 दिनांक-05.02.2015, कार्यालय आदेश सं0-275 दिनांक-17.03.2015 एवं पत्रांक 111 दिनांक 02.03.2015 में निहित प्रावधानों के आलोक में **स्व0 विश्वनाथ राय, भूतपूर्व संदेशवाहक, राज्य भार प्रेषण केन्द्र, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना** की सेवा अवधि में दिनांक **27.02.2017** को असामयिक मृत्यु के फलस्वरूप आश्रित के रूप में **श्री रोहित कुमार** को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु गठित समिति की अनुशंसा के आलोक में औपबंधिक रूप से अस्थायी अकुशल श्रमिक (Unskilled worker) के पद पर पदग्रहण की तिथि से निम्नलिखित शर्तो पर नियुक्त किया जाता हैः-

1 इस नियुक्ति पर एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि (Probation period) के दौरान एकीकृत वेतनमान रू0 7000-11500/- तदनोपरांत नियमित वेतनमान पे बैण्ड-रु0 5200-20200/- एवं ग्रेड पे-रु0 1800/- देय होगा।

2 बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लि0, पटना के क्षेत्राधिकार में पड़ने वाले किसी भी कार्यालय में आपका स्थानान्तरण किया जा सकता है।

3 यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है, जिसे उभयपक्ष की ओर से 07 (सात) दिनों के पूर्व सूचना पर समाप्त किया जा सकता है।

4 कम्पनी द्वारा समय-समय पर निर्धारित सेवा शर्त आप पर लागू रहेगा।

5 आपकी नियुक्ति बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लि0, पटना में अनुकम्पा के आधार पर की गई है। अतः **स्व0 विश्वनाथ राय, भूतपूर्व संदेशवाहक, राज्य भार प्रेषण केन्द्र, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना** के परिवार के भरण पोषण का पूर्ण उत्तरादायित्व आप पर होगा। यदि आप इस उत्तरादायित्व की अवहेलना करेंगे, तो इसे गंभीर कदाचार माना जायेगा और आपकी परिलब्धियों का एक अंश मृत कामगार के आश्रितो/सदस्यों को दे दी जायेगी अथवा आपकी सेवा भी उक्त अवहेलना के कारण समाप्त कर दी जायेगी।

6 यदि आपके द्वारा नियुक्ति के समय दी जानेवाली सूचना यथा नाम, उम्र, योग्यता, मृत कर्मचारी के साथ संबंध आदि कभी भी सेवाकाल में असत्य पायी जायेगी तो बिना पूर्व सूचना के आपकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

7 अगर कंपनी के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है, तो आपको इस आशय का बन्ध पत्र समर्पित करना होगा की यदि आप परिविक्षा अवधि की समाप्ति के पूर्व कंपनी की सेवा का त्याग करते है, तो कंपनी के द्वारा आप पर खर्च राशि अधिकतम रू0 50,000/- के आप देनदार होगें।

8 योगदान देने के पूर्व प्रथम श्रेणी दण्डाधिकारी के समक्ष इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि:-

(क) वे मृतक कामगार के आश्रित है तथा कोई अन्य आश्रित पूर्व में अनुकम्पा के आधार पर बिहार स्टेट पावर (होल्डिग) कम्पनी लि0 एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों में नियोजित नहीं है।

(ख) सामुहिक जीवन बीमा का भुगतान प्राप्त हो गया है।

(ग) वे अपने (अविवाहित होने पर) विवाह में दहेज नही लेगे/(विवाहित होने पर) दहेज नही लिया/दिया है।

(घ) नियुक्ति के लिए दिये गये आवेदन पत्र की सभी सूचनाये सही है। तथ्यों के गलत पाये जाने पर सेवा कभी भी समाप्त की जा सकती है।

(ङ) इनके विरूद्ध कोई अपराधिक मुकदमा नही चल रहा है तथा इन्हे किसी न्यायालय द्वारा दण्डित नही किया गया है या किसी पूर्व नियोजक द्वारा सेवा समाप्त नही की गई है।

(च) वे मृत कर्मचारी के आश्रित/परिवार का भरण पोषण करेगें। यदि इसकी अवहेलना करेगें तो गंभीर कदाचार माना जायेगा तथा कारण पृच्छा पुछकर सेवा समाप्त की जा सकती है।

(छ) मृत कामगार के पति/पत्नी या अन्य किसी सरकारी/बोर्ड के सेवा में कार्यरत नही है।

9 पदभार ग्रहण के समय निम्नलिखित प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति तथा स्वहस्ताक्षरित एवं अभिप्रमाणित छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(क) शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र।

(ख) जन्म तिथि का प्रमाण पत्र।

(ग) असैनिक शल्य चिकित्सक/बिहार स्टेट पावर (होल्डिग) कम्पनी लि0, पटना के चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वस्थता प्रमाण पत्र।

10 योगदान के लिए कोई यात्रा भता देय नही होगा।

11 इस नियुक्ति में नयी नियुक्ति नियमावली लागू होगी।

यदि आपको उपर्युक्त शर्ते मान्य हो तो **दिनांक-28.07.2017 को पूर्वाहन 10.00 बजे** वांछित सूचना/ कागजातों के साथ अपना योगदान महाप्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लि0, पटना के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा नियुक्ति का यह प्रस्ताव स्वतः रद्द समझा जायेगा।

विश्वासभाजन,

ह0/-

(आर0 एन0 लाल)

महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)

ज्ञापांक 2558 पटना, दिनांक 18-07-17

प्रतिलिपि मुख्य अभियंता, सिस्टम ऑपरेशन/ विद्युत अधीक्षण अभियंता, राज्य भार प्रेषण केन्द्र, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने स्तर से भी श्री रोहित कुमार को इसे हस्तगत कराने की कृपा करेंगें।

(आर0 एन0 लाल)

महाप्रबंधक (मा0 सं0/प्रशा0)